## न्यूज ब्रीफ

### नाली विवाद में दो पक्ष भिड़े, कई घायल

**अमृत विचार, माल :** माल के वीरपुर कल्यानखेड़ा में सोमवार को नाली व पानी निकासी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। मालती ने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी शिवकुमार, शिवम, उमेश, शेखर, दीपू, अंकित व मोती आदि लोग उनके घर पर आकर पानी बहाने को लेकर विवाद करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर मालती, उनकी मां गीता, पिता गोले और बहन संगीता को लाठी-डंडों व लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान उनकी मां गीता के सिर पर लाठी से वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। वहीं, शिव कुमार पुत्र भगवानदीन ने आरोप लगाया कि गोले, उनके पुत्र लवकुश, दामाद राम सहाय व अन्य लोगों ने उनकी नाली को जानबूझकर बंद कर दिया और उस स्थान पर दीवार बनाने लगे। मना करने पर सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि लवकुश ने शिव कुमार के सिर पर डंडा मारा, जबकि गोले की पत्नी ने भी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। माल पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के रिपोर्ट दर्ज कर लिये है।

### आग से किसानों की फसल राख

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** महिंगवा के नरोसा गांव में सोमवार दोपहर किसानों की गेहूं की खड़ी फसल में बिजली के तार से निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते कई किसानों की फसल जलकर स्वाहा हो गई ।दमकल व ग्रामीणों के मदद से आग बुझाई गई। नरोसा गांव के किसान श्यामलाल, सियाराम व अन्य किसानों ने बताया करीब 15 बीघा फसल जल गई । दोपहर में आपस में तार टकराने से चिंगारी निकली जिससे विकराल आग लग गई ।देखते ही देखते आग खेतों में फैल गई ।अभी कुछ दिन पहले सरसंवा गांव में भी 12 बीघा किसानों की गेहूं की फसल जल गई थी। इस क्षेत्र के किसानों ने बताया फायर स्टेशन बीकेटी काफी दूरी पर है जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचती हैं तब तक काफी नुकसान हो जाता है।

### बीच-बचाव करने गई महिला को पीटा

**अमृत विचार, निगोहां :** कांटा करौंदी गांव में पति अपनी पत्नी को पीट रहा था। पत्नी को बचाने के लिए पड़ोसी महिला पहुंच गई। नाराज पति ने अपने भाई के साथ मिलकर महिला को पीट दिया। महिला पर ही ईंट पत्थर से हमला कर लहुलुहान कर दिया। कांटा करौंदी निवासी यमुना देई ने बताया कि सोमवार को पड़ोस में रह रहे दिनेश अपनी पत्नी सलोनी को मारपीट रहा था यह देख जब वह बचाने गई तो दिनेश अपने भाई बबलू के साथ मिलकर उस पर ईंट गुम्मों से हमला कर सिर फोड़ दिया। जिससे वह खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ी जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घायल महिला को परिजन लेकर निगोहां थाने पहुंचे। जहां पुलिस घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी भेजा और दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### प्रधान पर छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** महिगवां में ग्राम प्रधान पर एक युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 3 अप्रैल 2026 की दोपहर वह गांव के पास चौराहे से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव का ग्राम प्रधान बाइक से वहां पहुंचा और उसे घर छोड़ने के बहाने जबरन अपने साथ बैठा लिया। रास्ते में आरोपी प्रधान ने उससे मोबाइल नंबर मांगते हुए छेड़छाड़ की और अभद्र हरकतें की पीड़िता के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी उसे रास्ते में ही उतारकर फरार हो गया। घर पहुंचकर जब पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो परिजन आरोपी से शिकायत करने उसके घर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद अन्य आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के परिजनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निजी अस्पताल में विवाहिता की मौत, सात घंटे हंगामा

## परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर चौथी मंजिल से धक्का देकर हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, लखनऊ


सीता दीक्षित

- एसीपी कृष्णा नगर के आश्वासन के बाद परिजन माने जांच शुरू

**अमृत विचार:** बंथरा के निजी अस्पताल में महिला की मौत के बाद परिजन ने करीब सात घंटे तक हंगामा किया। अस्पताल प्रशासन चौथी मंजिल से गिरने से मौत होने का दावा कर रहा था जबकि परिजन धक्का देकर गिराने का आरोप लगा रहे थे। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करा कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके बाद परिजन को शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

बंथरा के किशुनपुर कौड़िया निवासी अक्षत दीक्षित उर्फ सनी रोडवेज में संविदा बस चालक है। साथ में खाली समय में ऑटो भी चलाते हैं। परिवार में 5 साल का बेटा उत्कर्ष के अलावा पत्नी सीता दीक्षित (32) थीं। अक्षत पिता विनोद दीक्षित और मां सुषमा दीक्षित व बुजुर्ग दादी के साथ रहते हैं। आठ वर्ष पहले उनकी सीता से शादी हुई थी। काफी दिनों से सीता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उनका बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल से इलाज चल रहा है। रविवार को अक्षत ऑटो चलाने और विनोद कपड़े की दुकान पर नौकरी करने गए थे। दोपहर करीब 2 बजे तबीयत ज्यादा खराब महसूस होने पर सीता दवा लेने के लिए घर से निकल पड़ी। घर के बाहर बैठी बुजुर्ग दादी ने पूछा, लेकिन सीता कुछ नहीं बोली और प्रसाद अस्पताल पहुंच गई। वहां से 4 बजे पति को फोन कर जानकारी दी। अक्षत के मुताबिक अस्पताल गए तो सीता बंथरा के जुनाबगंज स्थित चौथी मंजिल में जनरल वार्ड में भर्ती मिली। रात में अक्षत भी वहीं रुक गए, तड़के करीब 4 बजे अक्षत को झपकी लग गई। इसी बीच सीता कमरे से निकल गई। सुबह करीब 6 बजे वह जनरल वार्ड के सामने जीने के पास बेसुध पड़ी मिली। उसे भर्ती किया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। स्टाफ ने पति और अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। अस्पताल प्रशासन ने चौथी मंजिल से कूद कर उसके आत्महत्या करने की बात कही है। परिजन ने धक्का देकर गिराने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बंथरा इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने समझने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। करीब सात घंटे तक हंगामा चलता रहा।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जा सकी। एसीपी के मुताबिक सीता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इसी कारण वह काफी दिनों से प्रसाद हॉस्पिटल में इलाज करा रही थी। रविवार को इसी कारण भर्ती किया गया था। चौथी मंजिल से गिरकर उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


परिजन को समझाते पुलिस अधिकारी।

### सीसीटीवी फुटेज में कमरे से निकलती दिखी

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया। जिसमें सुबह 4 बजे सीता जनरल वार्ड से बाहर निकलते दिखी। उसके चप्पल नीचे गिरते दिखाई दिए, लेकिन वह गिरती नहीं दिखी। इस पर परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर धक्का गिराने का आरोप लगाया है। परिजन का तर्क है कि चार मंजिल से कूदी तो सीसीटीवी फुटेज में क्यों नहीं दिख रही है। इतनी ऊंचाई से नीचे गिरने पर खून जरूर निकला होगा। घटनास्थल पर खून के निशान नहीं मिले, उसे साफ क्यों कर दिया गया। शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं मिले हैं।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रविवार को परिजन ने रेलवे अस्पताल में कराया था भर्ती
- अस्पताल में पहुंचे ससुराल पक्ष से हुई मारपीट, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** हादसे में घायल मिले युवक की अस्पताल में मौत के बाद पत्नी और परिवार के लोगों में विवाद हो गया। परिजन ने पत्नी पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या का आरोप लगाया है। सोमवार को मदेयगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

डालीगंज रेलवे कॉलोनी निवासी रिजवान अली (26) छह भाइयों में सबसे छोटे थे। वह पत्नी शाना खान साथ परिवार से अलग रहते थे। बड़े भाई जाकिर अली ने बताया कि रविवार देर रात पड़ोसी रफीक ने पिता को फोन कर रिजवान की मौत की सूचना दी। परिजन रेलवे अस्पताल बादशाह नगर पहुंचे, वहां रिजवान का शव स्ट्रैचर पर पड़ा था। शाना खान ने बताया कि एक्सीडेंट होने पर रिजवान को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

रिजवान के शरीर पर कोई चोट नहीं दिख दिख रही थी। बात बढ़ने पर रिजवान की पत्नी और परिवार में कहासुनी और मारपीट हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची मदेयगंज पुलिस ने लोगों को शांत कराया। इंस्पेक्टर अंजनी सिंह के मुताबिक युवक के परिजन बहू पर जहर देकर मारने का आरोप लगा रहे थे। पत्नी हादसे की बात कह रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गैरपंजीकृत परियोजनाओं का विवरण देंगे बिल्डर

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण ने गैरपंजीकृत परियोजनाओं में घर खरीदारों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को और प्रभावी बना दिया है। इससे बिल्डरों की अपंजीकृत परियोजनाएं नियामक दायरे में आएंगी और जवाबदेही के साथ कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण की वेबसाइट पर 10 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में यह स्पष्ट किया है।

अब नई व्यवस्था में अपंजीकृत परियोजनाओं के खरीदार को शिकायत दर्ज करते समय बिल्डर अपना संपर्क विवरण, निदेशकों और साझेदारों की जानकारी, परियोजना की लोकेशन, जमीन, नक्शा, निर्माण की स्थिति और बिक्री की स्थिति जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे। सम्बंधित परियोजना का रेरा में पंजीकरण कराना आवश्यक था या नहीं यह पीठ तय करेगी। यदि परियोजना पंजीकृत होनी चाहिए थी और बिल्डर ने ऐसा नहीं किया तो कानूनों का उल्लंघन मानकर परियोजना की अनुमानित लागत का 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जाएगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

- देवर, बेटा और कार सवार गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर में भर्ती
- मलिहाबाद के भतोइया गांव में आरआर लान के पास हुआ हादसा


मृतका जुल्फी

**अमृत विचार:** रहीमाबाद के भतोइया गांव स्थित आरआर लान के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई और उसका देवर, बेटा और कार चालक घायल हो गए। तीनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक मनकौटी निवासी तालिब भाभी जुल्फी (35) को बाइक से छोड़ने मायके उन्नाव के नियाज अली खेड़ा जा रहे थे। साथ में भतीजा जुहैब (5) भी था। तालिब विपरीत दिशा में बाइक चला रहा था। भतोइया गांव स्थित आरआर लान के पास सामने से तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक सवार सड़क किनारे खाई में जा गिरे। कार भी अनियंत्रित होकर खाई में पलटी और पेड़ से टकराकर रुक गई।

हादसे में तीनों बाइक सवारों के अलावा कार सवार संडीला के काजीपुर निवासी रोहित घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में जुल्फी की मौत हो गई। मृतका के परिवार में पति हारून, बेटा खुवैत, जुहैब और बेटी उनजा हैं। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायत ने कहा कि हादसे के कारण की जांच की जा रही है।



सड़क हादसे में घायल तालिब और जुहैब।

# आंबेडकर स्मारक के आसपास आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर मंगलवार 14 अप्रैल को अंबेडकर स्मारक में कई कार्यक्रम होंगे। इसे देखते हुए 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस दौरान आसपास के कई रास्तों पर प्रतिबंध रहेगा।

डीसीपी यातायात रवीन त्यागी ने कहा कि वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबंधित मार्ग पर भी एंबुलेंस, स्कूली वाहन, फायर सर्विस, शव वाहन आदि को आने-जाने की अनुमति रहेगी। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंम्बर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

डीसीपी यातायात ने बताया कि गॉधी सेतु (1090) चौराहा से डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक प्रतीक स्थल की ओर रोक रहेगी। ये वाहन समतामूलक चौराहा, डिगडिगा चौराहा से दाहिने होकर जा सकेंगे। इसी तरह समतामूलक चौराहा से डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक प्रतीक स्थल की ओर रोक रहेगी। ये वाहन डिगडिगा चौराहा होकर जा सकेंगे। आंबेडकर उद्यान चौराहा से डा. भीमराव आंबेडकर सामाजिक प्रतीक स्थल की ओर रोक रहेगी।

ये वाहन डिगडिगा चौराहा होकर जा सकेंगे। ताज अंडरपास से आंबेडकर पार्क की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन भागीदारी भवन होते हुए जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नंबर-6 होते हुए जा सकेंगे। डिगडिगा चौराहा से आंबेडकर उद्यान चौराहा की ओर रोक रहेगी। ये वाहन समतामूलक चौराहा होकर जा सकेंगे ।

# फार्मर रजिस्ट्री में नाम मिसमैच बना परेशानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए उत्सुक किसान नाम मिसमैच में फंसे हैं। आवेदन करने पर किसी की खतौनी तो किसी का आधार में दर्ज नाम व पता पोर्टल से मेल नहीं खा रहे। ऐसे किसान या तो खतौनी में सुधार कराएं या फिर आधार में, जो इतना आसान नहीं है। फिलहाल ऐसे मामलों का समाधान करने के लिए लेखपाल लगाए गए हैं। एग्री स्टेक योजना के तहत 30 अप्रैल तक 2,04,287 किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से लाभान्वित करने का लक्ष्य है। किसानों की सुविधा के लिए राजस्व और कृषि विभाग 15 अप्रैल तक गांव-गांव शिविर लगाकर आईडी बना रहे हैं। करीब 1.53 लाख आईडी बन चुकी है। फिर भी तय समय पर लक्ष्य पूरा होते नहीं दिख रहा है। कई आवेदनों में किसानों का आधार और खतौनी में दर्ज नाम व पता मेल नहीं खा रहे। नाम, बिंदी व मात्रा में अंतर होने के कारण पोर्टल नहीं ले रहा। सबसे ज्यादा समस्या वारिसों के नाम खतौनी के मूल खातों में अंकित न होकर केवल आदेश के खातों में दर्ज है। ऐसे किसान भी फार्मर आईडी के आवेदन नहीं कर पा रहे।

# जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, असलहे लहराए

संवाददाता,बख्शी का तालाब

- इटौंजा के जमखनवा में हुई घटना पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** इटौंजा स्थित जमखनवा गांव में जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दबंगई और हथियारों के खुले प्रदर्शन के बीच दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों के साथ लोहे की रॉड, धारदार हथियार और पिस्टल का खुलेआम प्रदर्शन किया गया। इससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी बालक और योगेश मिश्रा के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर तनातनी चल रही थी। विवाद उस वक्त भड़क उठा जब बालक पक्ष ने कथित तौर पर योगेश मिश्रा के खेत में लगे पिलर और तारबंदी उखाड़ दी। विरोध करने पर मामला अचानक हिंसक हो गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है,कि इसके बाद योगेश मिश्रा पक्ष के करीब 15-20 लोग हथियारों से लैस होकर विरोधी पक्ष के घर पर चढ़ दौड़े। दूसरे पक्ष ने भी हमला कर दिया। इस दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बालक नामक युवक की आंख पर गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य लोगों के हाथ-पैर तक तोड़ दिए गए। आरोपियों ने बालक की कनपटी पर पिस्टल सटाकर खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और तनाव का माहौल व्याप्त है।

घटना के बाद दोनों पक्षों ने इटौंजा थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की सक्रियता देर से दिखी, जिससे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# भाइयों पर हमला कर रिवाल्वर व चेन लूटने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, मोहनलालगंजः** मोहनलालगंज के एक होटल में आयोजित बर्थडे पार्टी में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगों ने सगे भाइयों की पिटाई कर रिवाल्वर, मोबाइल फोन व सोने की चेन लूट के मामले में एक और आरोपी निखिल सिंह को गिरप्तार कर लिया है। इस घटना में तीन आरोपी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने पांच के खिलाफ लूट और डकैती का रिपोर्ट दर्ज किया था। फरार एक आरोपी की तलाश की जा रही है। वृंदावन कॉलोनी निवासी हंमत सोनी की मोहनलालगंज कस्बे में सोने-चांदी की दुकान है। वह अपने भाई शंकर सोनी के साथ मंगलवार को फुलवरिया मोड़ के पास एक होटल में आयोजित बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। जहां कार पार्किंग को लेकर आर्यन सिंह व उसके साथियों से विवाद हो गया था। जिसके बाद आरोपियों ने दोनों भाइयों की पिटाई कर रिवाल्वर, मोबाइल फोन व सोने की चेन लूट ली थी। पुलिस ने तीन आरोपियों के पास से मोबाइल रिवाल्वर बरामद कर जेल भेज दिया था।

## सिटी डायरी


आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीप जलाते भाजपा मंडल अध्यक्ष।

### आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर जलाए दीप

**अमृत विचार, माल :** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को माल के गहदो गांव स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समीप भाजपा मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने अन्य लोगों के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम किया। अध्यक्ष ने कहा कि हम सब यहां एक महान व्यक्तित्व डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं ।जिनका नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना हमारे मन में जाग उठती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की जयंती को भाजपा पूरे देश में धूमधाम से मना रही है। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को भी हक मिले, इसी सोच के साथ संविधान में उन्हें वह अधिकार दिये थे।


कैंडल मार्च निकालते लोजपा के कार्यकर्ता।

### काकोरी में निकाला कैंडल मार्च

**अमृत विचार,काकोरी :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने सोमवार को आंबेडकर जयंती के पूर्व संध्या पर काकोरी में कैंडल मार्च निकाला। काकोरी दुर्गागंज चौराहे से शुरू मार्च में शामिल लोगों ने नारे लगाते हुए तीन किलोमीटर पदयात्रा की। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज ने मार्च को रवाना किया। जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद ने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व इस कार्यक्रम से मलिहाबाद विधानसभा के लोग एकत्र हुए हैं। निश्चित ही ये करवा आगामी चुनाव में विशाल रूप धारण करेगा। मीडिया प्रभारी राजेश रावत, ,ब्लाक अध्यक्ष संतोष रावत, जिलाउपाध्यक्ष कमाल अहमद, जिला सचिव सरोज रावत, पप्पू नेता , महेश कन्नौजिया, रमेश कन्नौजिया, सूरज गौतम, दिनेश रावत, सुरेश कन्नौजिया, जगदीश रावत शामिल रहे।


आयोजन की तैयारी का जायजा लेते पदाधिकारी।

### आज निकाली जाएगी भीम यात्रा

**अमृत विचार,गोसाईगंज :** एचसीएल से 14 अप्रैल को सुबह भीम यात्रा निकाली जाएगी। इसमें लोगों के शामिल होने की संभावना है। कोर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि गांव गांव पहले ही सैकड़ो बैठकें करके यात्रा की भूमिका तय की जा चुकी है। भीम यात्रा कोर कमेटी की ओर से बड़े स्तर पर यह यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की अध्यक्षता करने वाले राम सिंह प्रधान ने बताया कि प्रतिवर्ष यात्रा निकाली जाती है। यात्रा एचसीएल से शुरू होकर खुरदही बाजार गोसाईगंज अमेठी गंगागंज होते हुए वापस कोड़रा में संपन्न होगी। उसके बाद भंडारे होगा। सोमवार को आयोजकों ने स्थल पर तैयारियों को परखा।


मोहनलालगंज में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### कलश यात्रा निकाली

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मऊ गांव में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। जगह -जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजक योगेश गुप्ता, दुर्गा दयाल गुप्ता व देवी दयाल गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक कथा होगी। प्रमोदानंद जी महाराज कथा का रसपान कराएंगे। 20 अप्रैल को भंडारे के साथ समापन होगा। क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

लापरवाही

## उप मुख्यमंत्री और मंडलायुक्त के बाद सीएमओं के निरीक्षण में भी मिली अव्यवस्था

# चिनहट सीएचसी की सफाई व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार


मरीज से जानकारी लेते सीएमओ एनबी सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंडलायुक्त के निरीक्षण के बाद अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने देर रात चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। साफ-सफाई की स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

मालूम हो कि इसके पहले उपमुख्यमंत्री और उसके बाद मंडलायुक्त ने चिनहट सीएचसी का निरीक्षण किया था। सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर सम्बंधित एजेंसी का सात-सात दिनों का दो बार भुगतान रोका गया। तत्कालीन अधीक्षिका डॉ. ज्योति कांबले का तबादला कर डॉ. चन्दन यादव को नई जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सोमवार रात सीएमओ एनबी सिंह ने निरीक्षण किया। सीएमओ ने जनरल वार्ड, गायनी विभाग, ऑपरेशन थिएटर और इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया। गायनी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से सीधे बातचीत कर इलाज की गुणवत्ता और सुविधाओं की जानकारी ली। राहत की बात यह रही कि मरीजों ने दवाएं और जांच अस्पताल में ही मिलने की पुष्टि की। सीएमओ को अस्पताल में स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक मिली। इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद थे। जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता भी पर्याप्त पाई गई। पेयजल व्यवस्था में भी पहले के मुकाबले सुधार नजर आया। लेकिन साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। सीएमओं ने बताया सफाई व्यवस्था में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने डीआरएम को किया तलब

## 11 वर्ष पुराने मामले में अब तक दाखिल नहीं किया जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम), उत्तर रेलवे को हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पाया कि वर्ष 2015 से विचाराधीन एक जनहित याचिका पर अब तक रेलवे की ओर से उत्तर नहीं दाखिल किया गया है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 8 मई की तिथि नियत की व उक्त तिथि पर डीआरएम को उपस्थित होने का आदेश दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने श्रीकांत शुक्ला की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में देवा-बाराबंकी रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनाए जाने की मांग की गई है। याचिका पर बृज कॉर्पोरेशन की ओर से बताया गया कि अंडर पास बनाने का काम रेलवे का है, उसे उक्त अंडर पास को कनेक्ट करने वाली रोड बनाने की जिम्मेदारी है। वहीं मामले पर रेलवे की ओर से कोई जवाब नहीं आया था, इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश दिया।

# आंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में आंबेडकर जयंती को इस वर्ष भव्य और व्यापक रूप से मनाने की तैयारी है। योगी आदित्यनाथ सरकार इसे सामाजिक न्याय, जागरूकता और जनसशक्तीकरण के महाअभियान के रूप में आयोजित कर रही है। सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम होंगे, जहां जनप्रतिनिधि लोगों को संविधान, अधिकारों और समानता के मूल्यों से अवगत कराएंगे।



- आज लखनऊ में भीमराव आंबेडकर को सीएम योगी देंगे श्रद्धांजलि
- प्रदेशभर में होंगे आयोजन

राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित आंबेडकर महासभा परिसर में मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध भिक्षुओं द्वारा बुद्ध वंदना और पुष्पांजलि से होगी।

सरकार का उद्देश्य भीमराव आंबेडकर के समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि गांव-गांव जाकर जनसंवाद करेंगे। साथ ही बाबा साहब की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण और विकास के निर्देश दिए गए हैं।

14 अप्रैल को शिक्षण संस्थानों में गोष्ठियां, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जबकि 'डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत 403 करोड़ रुपये से स्मारकों का विकास किया जाएगा।

### 'योगी की पाती' से दिया संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी आदित्यनाथ ने आंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम 'योगी की पाती' जारी कर भीमराव आंबेडकर के विचारों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से करोड़ों लोगों को गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाया और उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा व सामाजिक समता के लिए प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से इसे जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, वंचित, महिलाओं और युवाओं तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### धुरंधर फिल्म के खिलाफ याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में धुरंधर, द रीवेंज के विरुद्ध एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में फिल्म के निर्माता-निर्देशक आदित्य धर को भी प्रतिवादी बनाया गया है। हालांकि कोर्ट ने याचिका के साथ पर्याप्त सामग्री न दाखिल किए जाने पर इसकी सुनवाई टालते हुए 28 अप्रैल की तिथि नियत कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने कयामती संस्था की अध्यक्षा साइमा खान की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। कोर्ट ने याची पक्ष को याचिका के समर्थन में अन्य सामग्रियां दाखिल करने की अनुमति दी है।

### कमरे में फंदे से लटका मिला किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के मांढर मऊ गांव में रहने वाले प्रमोद गुप्ता के प्रमोद गुप्ता के बेटे प्रिंस गुप्ता (17) ने पंखे से गमछे के सहारे लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक गाड़ी बनाने का काम सीख रहा था। परिजनों ने बताया कि शाम को गैराज से घर आया तो कुछ कहा सुनी हुई इसके बाद उसने कमरे में जाकर खुदकुशी कर ली।

### कार सवारों पर बच्ची के अपहरण का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा के भाखामऊ में कार सवारों पर 11 वर्षीय बच्ची के अपहरण के प्रयास का आरोप लगा है। भाखामऊ गुडम्बा निवासी रहीमुद्दीन के अनुसार उनकी छोटी बहन महजवी (11) अपने एक वर्षीय भतीजे को लेकर घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी एक कार पर तीन सवार बदमाशों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर परिवारीजनों ने कार का पीछा किया तो वह वहां से भाग निकले। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने रास्ते मे कई राहगीरों को टक्कर मारी। राहगीरों ने पीछा किया तो आरोपित गुडम्बा थाने में भाग कर अपने को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दर्जनों राहगीर व ग्रामीण पीछा करते गुडम्बा थाने पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ अपहरण की तहरीर दिया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### मनरेगा कर्मियों को मुख्यमंत्री का आश्वासन


**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा कार्मिक कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। कर्मचारियों के हित में पांच वर्ष से लंबित एचआर नीति सम्बंधित विभिन्न मांगों से अवगत कराया। कोर कमेटी के सदस्य उदय राज शर्मा ने बताया कि एचआर नीति की 4 अक्टूबर 2021 को घोषणा की गई थी। जो साक्ष्य सहित मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। उन्होंने संतोषजनक आश्वासन भी मिला। उम्मीद है कि मनरेगा कर्मियों की घोषणा, अवरुद्ध मानदेय एवं नियमित मानदेय, चिकित्सा अवकाश समेत अन्य मांगे जल्द पूरी हो जाएंगी।

# सरकारी स्कूलों को बनाएं प्रतिस्पर्धी

## राज्यपाल और सीएम योगी ने जनभवन विद्यालय के नए भवन का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन के 5.17 करोड़ रुपये से निर्मित नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान 'हमारा जनभवन' पुस्तक का विमोचन किया गया और विद्यालय की प्रधानाचार्य को बस की चाबी भी सौंपी गई।




जनभवन के आदर्श माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य को बस की चाबी सौंपते राज्यपाल और मुख्यमंत्री। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं होता, सही मार्गदर्शन मिलने पर हर कोई अपनी क्षमता का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकता है। वैद्य जीवक का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हर तत्व में उपयोगिता होती है, जरूरत उसे पहचानने की है। सीएम ने कहा कि हम अपने स्तर पर थोड़ा सा भी प्रयास करें तो सरकारी स्कूल को भी कॉन्वेंट-पब्लिक स्कूल की तर्ज पर प्रतिस्पर्धा योग्य बना सकते हैं। यह आदर्श माध्यमिक विद्यालय उस प्रतिस्पर्धा के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इस आदर्श माध्यमिक विद्यालय का भव्य भवन, अच्छी लैब, लाइब्रेरी, क्लास रूम व प्रांगण स्पष्ट उदाहरण है कि हम सरकारी विद्यालयों को भी इस रूप में आगे बढ़ा सकते हैं।

बताया गया कि भवन निर्माण में 4.70 करोड़ रुपये राज्य सरकार और शेष राशि सीएसआर फंड से उपलब्ध कराई गई। विद्यालय में आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास और खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं।

### योगी ने की अपील पारिवारिक समस्याएं मिल बैठकर हल करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में शिकायतें सुनीं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देश दिए। इस दौरान कई शिकायतें पारिवारिक विवाद से जुड़ी आईं, जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी को समझाया और कहा कि परिवार सबसे बड़ी पूंजी होती है। समझदारी से पारिवारिक मामले मिल-बैठकर सुलझाएं। कहा कि विश्वास करिए, बिखरने के बजाय परिवार एकजुट हो जाएगा और वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी भी एक रहेगी।

मुख्यमंत्री ने पारिवारिक विवादों से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। फिर शिकायत लेकर आए लोगों ने कहा कि पारिवारिक झगड़ों में पुलिस-प्रशासन की सहायता लेना अंतिम विकल्प ही होना चाहिए।

# मशीनमैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर इंडस्ट्रियल एरिया में प्रिंटिंग प्रेस के असिस्टेंट मशीन मैन विनीत सिंह (26) की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गोंडा के परसपुर धनौरा निवासी विनीत अपनी पत्नी ज्योति के साथ यहां रहते थे। रविवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ने पर सहकर्मी उन्हें बंथरा के निजी अस्पताल ले गए, जहां से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जांच में सामने आया है कि शादी के समय लिए गए 30 हजार रुपये को लेकर मालिक से विवाद हुआ था। पत्नी से भी कहासुनी की बात सामने आई है। आशंका है कि विनीत ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### संस्कृत शिक्षकों ने तैयार किया प्रदूषण नियंत्रण यंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यापकों ने वैदिक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर एक अभिनव यंत्र का डिज़ाइन तैयार किया है। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉ. अशोक कुमार शतपथी और उनकी टीम के प्रयासों से विकसित यह डिज़ाइन "नवीकरणीय ऊर्जा-आधारित बहुआयामी फिल्टर उपकरण" के रूप में पेटेंट के लिए स्वीकृत और पंजीकृत किया गया है। इस यंत्र का उद्देश्य वायु प्रदूषण नियंत्रण और जलवायु परिवर्तन प्रबंधन है। इसे विशेष रूप से शैक्षिक संस्थानों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। शिक्षकों के अनुसार यह नवाचार आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वैदिक परंपरा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# डॉक्टर आवास परिसर के दो घरों से चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज इलाके में सोमवार दोपहर में हुई घटना

**अमृत विचारः** वजीरगंज क्षेत्र के गोलागंज स्थित डॉक्टर आवास परिसर में सोमवार दोपहर चोरों ने दो स्टाफ नर्सों के घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना के समय दोनों परिवार घर से बाहर थे।

वीरांगना अंबतीबाई महिला अस्पताल परिसर में रहने वाली स्टाफ नर्स रंजीता मिश्रा के घर का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। उनके पति विजय तिवारी ने बताया कि वह मकान निर्माण कार्य देखने बाहर गए थे, जबकि रंजीता बेटे को स्कूल से लेने गई थीं। दोपहर करीब 1:30 बजे लौटने पर मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अंदर अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। चोर करीब 70 हजार रुपये नकद और लगभग 12 लाख रुपये के जेवरात ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसी परिसर में रहने वाली स्टाफ नर्स प्रतिभा वर्मा के घर में भी चोरी हुई। वह और उनके पति, जो सचिवालय में समीक्षा अधिकारी हैं, ड्यूटी पर गए थे। उनके लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टावर पर चढ़ हंगामा करने वाला पत्नी संग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई

**अमृत विचारः** सिविल कोर्ट गेट नंबर-2 के सामने सोमवार को मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा करने वाले व्यक्ति और उकसाने वाली उसकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस व फायर सर्विस की संयुक्त कार्रवाई से व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि अलीगढ़ का रहने वाला राजू सैनी टावर पर चढ़ गया था। परिवहन विभाग समेत अन्य अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद कर रहा था। काफी समझाने के बावजूद वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ तो कूदकर आत्महत्या की धमकी देने लगा। मौके पर मौजूद उसकी पत्नी भावना सैनी भी उसे शांत कराने के बजाय फोन पर उकसाती रही। जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। स्थिति को देखते हुए फायर सर्विस की हाइड्रोलिक सीढ़ी की मदद से रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया और कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया। घटना से न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जांच में सामने आया कि आरोपित पहले भी कई बार इस तरह की हरकत कर चुका है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# शुभ मुहूर्त देख आए थे रजिस्ट्री कराने, सर्वर ही नहीं चला

संवाददाता, मोहनलालगंज

- मोहनलालगंज तहसील से बिना रजिस्ट्री कराए लौटा आजमगढ़ का परिवार

**अमृत विचारः** आजमगढ के शिवम त्रिवेदी पंडित से शुभ मुहूर्त पूछकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए परिवार के साथ मोहनलालगंज तहसील आए थे। किसान को पैसा दे दिया ,स्टांप भी खरीद लिए और अन्य प्रक्रिया भी पूरी कर ली। तहसील पहुंचे तो बताया गया कि सर्वर डाउन है। इंतजार करते रहे, लेकिन सर्वर नहीं चला। शुभमुहूर्त निकल जाने से मायूस होकर लौट गए।

अधिवक्ता रामेंद्र सिंह,अंकित सिंह, सुरेश कुमार, अभिषेक सिंह व उद्धव मिश्रा ने बताया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय में सर्वर की समस्या अब आम हो चुकी है। इसके चलते न केवल अधिवक्ता बल्कि संपत्ति खरीदने व बेचने वाले लोग भी घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। कई बार तो देर रात तक सर्वर चालू होने का इंतजार करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में सर्वर की समस्या के चलते रात करीब 12 बजे तक लोग कार्यालय में परेशान बैठे रहे। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।सोमवार को रायबरेली निवासी रामकुमार ने बताया कि वह सुबह ही तहसील पहुंच गए थे, लेकिन सर्वर न आने के कारण दिनभर बैठे रहे। उन्होंने बताया कि संपत्ति खरीदने के लिए विक्रेता के खाते में पैसा भी ट्रांसफर कर दिया, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो सकी। ऐसे में यदि आवागमन के दौरान कोई अप्रिय घटना हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

सुल्तानपुर निवासी राजेश्वर ने बताया कि विक्रेता पैसा मिलने के बाद ही हस्ताक्षर करने को तैयार था। पैसा ट्रांसफर करने के बाद जब तहसील पहुंचे तो पता चला कि सर्वर ही नहीं चल रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी।



न्यूज ब्रीफ

## एसएसबी ने 2 ट्रॉली के साथ 50 बोटा शीशम की लकड़ी बरामद की

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** अमृत विचार एसएसबी (50वीं वाहिनी) बढ़नी के जवानों ने क्षेत्र के दुधवनिया खुर्द में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अवैध कटान की गई लकड़ी के साथ चार लोगों को भी पकड़ा है। मौके से बरामद शीशम की 50 बोटा लकड़ी की सीज कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल,बीओपी बढ़नी के उक्त गश्ती दल में उप निरीक्षक नेहा, एएसआई मनोरथ कुमार नायक सहित मो.शमशाद, मंजीत कुमार आदि जवानों की टीम ने क्षेत्र के दुधवनिया खुर्द गांव के पास संदिग्ध हालत में लकड़ी को ले जाते देख रोका।जांच पड़ताल में लकड़ी अवैध कटान की पाई गई।अवैध शीशम के बोटों के साथ दुर्गा प्रसाद, उत्तम, रामदास व राजेश जो सभी मुजामी थाना क्षेत्र ढेबरुआ के मानपुर के निवासी हैं। एसएसबी ने बरामद लकड़ी व वाहनों को कब्जे में लेकर सीजर की कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को सौंप दिया है।

## नेपाल में 14 लाख रुपया जब्त किया गया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नेपाल भारत सीमा क्षेत्र से सटे कपिलवस्तु जिला के तौलिहवा बाजार से 14 लाख भारतीय रुपये जब्त किये गये हैं। पुलिस को उक्त एक बाइक की डिक्की में मिला। नेपाल पुलिस के अनुसार उक्त धनराशि चौक बाजार में राजेश पान भण्डार के पास सोने की दुकान के पास से बरामद की गई। नेपाल पुलिस ने आर्मी कैम्प के पास बरोहिया के अभिषेक कुमार गुप्ता को इस घटना में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं नेपाल पुलिस ने कहा कि घटना की आगे की जांच चल रही है। तौलिहवा बाजार उत्तर प्रदेश की सिद्धार्थनगर जिले से सटा हुआ कपिलवस्तु जिला का राजधानी है।

# 40 वर्ष पुराने हत्या के मामले में आरोपी बरी

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, संदेह प्रबल हो तब भी दोषसिद्धि का आधार नहीं बन सकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगभग 40 वर्ष पुराने हत्या मामले में सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की पूर्ण एवं अविच्छिन्न श्रृंखला स्थापित करने में असफल रहा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मात्र संदेह, चाहे वह कितना भी प्रबल क्यों न हो, दोषसिद्धि का आधार नहीं बन सकता और ऐसे मामलों में संदेह का लाभ आरोपी को ही दिया जाना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति चन्द्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति देवेन्द्र सिंह-प्रथम की खंडपीठ ने दन्ना उर्फ रमेश और अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न मुख्य था कि क्या अभियोजन द्वारा प्रस्तुत परिस्थितिजन्य साक्ष्य इतने ठोस और निर्णायक हैं कि वे केवल आरोपियों के दोष की ओर ही इंगित करते हों। इस पर विचार कर कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के स्थापित सिद्धांतों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में साक्ष्यों की कड़ी पूरी तरह जुड़ी हुई होनी चाहिए और किसी अन्य संभावित निष्कर्ष की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। मामले के अनुसार वर्ष 1980 में मुरादाबाद स्थित एक चिकित्सक के घर कार्यरत नौकर सोहन की हत्या कर शव को कोयले के कमरे में छिपा दिया गया था। अभियोजन का दावा था कि सह-आरोपियों ने जुए के विवाद के कारण हत्या की और बाद में कथित स्वीकारोक्ति के आधार पर शव तथा हथियार की बरामदगी हुई, लेकिन कोर्ट ने कथित न्यायिक स्वीकारोक्ति विश्वसनीय नहीं मानी, क्योंकि वह स्वतंत्र साक्ष्यों से पुष्ट नहीं होती। इसके अतिरिक्त शव की बरामदगी घर के ऐसे स्थान से हुई, जो सभी के लिए सुलभ था। अतः इसे आरोपियों से विशेष रूप से जोड़ना संभव नहीं है।

## जन्मतिथि में विसंगति मात्र नियुक्ति रद्द करने का आधार नहीं : हाईकोर्ट



**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक सहायक अध्यापक की नियुक्ति रद्द करने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि विभिन्न शैक्षिक प्रमाणपत्रों में जन्मतिथि की मात्र विसंगति नियुक्ति निरस्त करने का आधार नहीं बन सकती, जब तक उससे कोई अनुचित लाभ प्राप्त न हुआ हो और दस्तावेज जाली प्रमाणित न हुए हों। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने विजय कुमार यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि केवल विसंगति को धोखाधड़ी नहीं माना जा सकता है।धोखाधड़ी का आरोप ठोस साक्ष्यों से सिद्ध होना चाहिए, केवल अनुमान के आधार पर नहीं लगाया जा सकता।

## वर्षों तक सेवा के बाद तकनीकी आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करना अनुचितः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जूनियर हाई स्कूल में सहायक अध्यापकों की नियुक्ति को अवैध घोषित कर उन्हें सेवा से वंचित करने संबंधी राज्य सरकार के आदेशों को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया कि लंबे समय तक निर्विवाद रूप से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा को केवल तकनीकी आपत्तियों के आधार पर अस्थिर नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि एक बार नियुक्ति की वैधता पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार कर लिया जाए, तो उसे पुनः खोलना न्यायसंगत नहीं है, विशेषकर तब जब कर्मचारी वर्षों तक सेवा दे चुका हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने श्रीमती मीनाक्षी शर्मा की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि प्राधिकारियों ने न्यायालय के सीमित निर्देशों से आगे बढ़कर नियुक्ति की वैधता पर पुनर्विचार किया, जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर और विधि विरुद्ध है, साथ ही बिना सुनवाई के आदेश पारित करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचियों ने 08.09.2025 सहित 26.08.2025, 30.08.2025 और 01.09.2025 के आदेशों को चुनौती दी।

## क्रिकेट खेलने गए बालक की चोट लगने से हुई मौत

संवाददाता, संतकबीरनगरः

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डारीडीहा गांव में सोमवार की शाम में क्रिकेट खेलने के दौरान चोट लगने बालक की मौत हो गई। देर शाम पीड़ित परिजन कोतवाली पहुंचे और क्रिकेट खेलने गए कुछ लड़कों पर मारने-पीटने से बालक की मौत होने की आशंका जाहिर किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डारीडीहा गांव में शाम को कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। गांव के 12 वर्षीय दिव्यांश कुमार पुत्र दिलीप कुमार भी उनके साथ क्रिकेट खेल रहा था। बताया जा रहा है कि शाम करीब 6 बजे खेलते दौरान ही दिव्यांश कुमार घायल हो गया। घटना की सूचना पर पीड़ित परिजन मौके पर पहुंच गए और घायल बालक को निकट के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से रेफर किए जाने पर परिजन संयुक्त जिला अस्पताल ले गए। वहां देखते ही डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। रात करीब 9 बजे पीड़ित परिजन कोतवाली पहुंच गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाल जय प्रकाश दूबे ने बताया कि क्रिकेट खेलते दौरान चोट लगने से बालक की मौत हो गई है। परिजन बालक के साथ में क्रिकेट खेलने वाले चार -पांच अन्य लड़कों पर मार पिटाई करने से उसकी मौत होने का अंदेशा जता रहे है।

## बाईपास पुल के नीचे मिला युवक का शव

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पुल के नीचे सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मोहल्ला मोतीनगर निवासी प्रमोद कुमार, जो बाईपास के पास चाय-नाश्ते की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि सोमवार सुबह उनकी दुकान के सामने पुल के नीचे एक युवक मृत अवस्था में पड़ा मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर बरदहिया चौकी इंचार्ज अनिल यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## छात्रों के लिए अनुकरणीय होता है शिक्षक : ध्रुव

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** छात्र विद्यालय में अपने शिक्षक की सभी गतिविधियों का अनुकरण करता है, ऐसे में शिक्षक ऐसा आदर्श प्रस्तुत करें जिससे छात्र का भविष्य उज्ज्वल हो।

यह बातें शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को लोहिया कला भवन में आयोजित निपुण सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। कहा कि शिक्षक को समाज, अभिभावक, छात्र-छात्राएं और सरकार आशा भरी नजर से देख रहे हैं, ऐसे में इनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। विशिष्ट अतिथि विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप शिक्षक कार्य करते हुए विद्यालयों को निपुण बना रहे हैं, निपुण होने में जो कसर रही है उसे आगामी सत्र में पूरा किया जाए। इसमें परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को निपुण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं, एआरपी, बीईओ को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बीएसए शैलेश कुमार ने बताया कि निपुण भारत मिशन के तहत ऐप के माध्यम से कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं का निपुण आंकलन डायट के प्रशिक्षुओं से कराया गया। बीएसए निपुण आंकलन मेंएसआरजी अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में कुल 533 विद्यालय निपुण घोषित हुए हैं। ब्लॉक भनवापुर में सर्वाधिक 43 प्रतिशत निपुण घोषित हुए हैं, इन्हें जिले में प्रथम स्थान मिला, लोटन 34 प्रतिशत के साथ दूसरे और बढ़नी व नौगढ़ 33 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान सीडीओ बलराम सिंह, एसपी अग्रवाल, बीईओ महेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश मिश्र, नीरज सिंह, धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र सिंह, विजय बहादुर, आशीष सिंह, अमित शुक्ला, करुणापति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों को सम्मानित करते विधायक श्यामधनी राही। अमृत विचार

- निपुण सम्मान समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं, एआरपी व बीईओ किए गए सम्मानित

## महिलाओं ने हर क्षेत्र में किया बेहतर : शीतल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नारी शक्ति बंदन सम्मेलन का आयोजन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ जिसका सजीव प्रसारण जिला स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह ने कहा कि भारत में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। भारत सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। विधानसभा व लोक सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। जब महिला सशक्त होगी तभी देश सशक्त होगा। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों की गारन्टी है। महिलओं को 33 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने का कानून है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, व अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।



सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट में नारी शक्ति बंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण देखते लोग।

### ब्लॉक सभागार में भी किया गया आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में नारी शक्ति बंदन सम्मेलन का आयोजन भाजपा सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को महिलाओं ने देखा। कार्यक्रम के बाद पार्टी द्वारा प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, समाज सेविका पूजा पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ उमा अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख सदर रेनू मिश्रा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरुणा मिश्रा, मंडल मंत्री पूनम जायसवाल, विनीता यादव, जिला उपाध्यक्ष मुन्नी देवी सहित अन्य तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

## ऋषभ सिंह बने विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के मण्डल अध्यक्ष

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा संगठन विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। संगठन के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के निर्देश पर ऋषभ सिंह को बस्ती मण्डल का मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जंग बहादुर चौहान को आरटी सेल जिला संयोजक सिद्धार्थनगर के पद पर मनोनीत किया गया है। वहीं जारी नियुक्ति प्रमाण पत्र में बताया गया कि ऋषभ सिंह और जंग बहादुर चौहान की राष्ट्रहित एवं सनातन समाज के प्रति सक्रियता और योगदान को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## उत्कृष्ट मेधावियों का हुआ सम्मान

संवाददाता, बढ़नी, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** उपनगर स्थित सेंट ज्यूड्स स्कॉलर्स होम में पुरस्कार वितरण व नवागंतुक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें मेधावी छात्र, छात्राओं को उनके उपलब्धियों के लिए मेडल, नगद पुरस्कार, सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एसएसबी के सहा.सेनानायक संजय केपी एवं नगर प्रमुख सुनील अग्रहरि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अतिथियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर व नगद राशि देकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि सभी भैया बहने पूरी निष्ठा से पढ़ाई करके आगे बढ़े और विद्यालय समेत हम सभी का नाम रोशन करें और मै मेडल पहनाता रहूंगा। ए.सी. संजय केपी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में कड़ी पढ़ाई आवश्यक है। विद्यालय के डायरेक्टर धीरेंद्र विक्रम सिंह, प्रिंसिपल ज्योतिर्मय श्रीवास्तव ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मु.इब्राहिम, पत्रकार अजय प्रताप गुप्त, भू.पू. सैनिक लोकबहादुर सिंह समेत तमाम अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक राजन एवं सोनू ने किया। कार्यक्रम में शारदा थापा, बी.जी. सर, शशांक पाण्डेय, अभिषेक शुक्ल, चुन्नी श्रेष्ठ, सुनील कुमार, अंकिता मिस, राकेश श्रीवास्तव नव प्रवेश छात्रों का स्वागत किया।



सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे। अमृत विचार

## डॉ. शिवम ने पुनः वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रयागराज का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे में हुए महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल के अंतर्गत डॉ. शिवम शर्मा ने पुनः वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद का कार्यभार ग्रहण किया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में भी डॉ. शिवम शर्मा प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, जिसके पश्चात उनका चयन प्रतिनियुक्ति पर भारतीय खेल प्राधिकरण में निदेशक पद हेतु हुआ था। अपने लगभग तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला में निदेशक के रूप में कार्य किया तथा बाद में सोनीपत स्थित उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में क्षेत्रीय निदेशक के रूप में पदोन्नत हुए। इस अवधि में उन्होंने हरियाणा में खेलों के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया। डॉ. शर्मा वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक के दौरान भारतीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का भी हिस्सा रहे।



डॉ. शिवम शर्मा।

## निरस्त एक्सप्रेस का संचलन किया गया बहाल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा कानपुर सेंट्रल-कानपुर पुल बायां किनारा के मध्य ब्रिज सं. 110 पर इंजीनियरिंग कार्य के लिए मेगा ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण पूर्व में निरस्तीकरण के लिए अधिसूचित 11109/11110 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-लखनऊ जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. एक्सप्रेस के संचलन को बहाल कर दिया गया है। पूर्व में 02 अप्रैल से 13 मई तक निरस्तीकरण हेतु अधिसूचित 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-लखनऊ जं. एक्सप्रेस अब वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 14 अप्रैल से 13 मई तक चलने वाली 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोविन्दपुरी स्टेशन में 10.10 बजे यात्रा समाप्त करेगी तथा यह गाड़ी गोविन्दपुरी से लखनऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी। पूर्व में 02 अप्रैल से 13 मई, 2026 तक निरस्तीकरण हेतु अधिसूचित 11110 लखनऊ जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-लखनऊ जं. एक्सप्रेस अब लखनऊ जं. से 14 अप्रैल से 13 मई तक चलने वाली 11110 लखनऊ जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोविन्दपुरी स्टेशन से 18.35 बजे चलाई जायेगी तथा यह गाड़ी लखनऊ जं. से गोविन्दपुरी के मध्य निरस्त रहेगी।



### ठहराव समय में 14 अप्रैल से संशोधन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या-14853, 14863 एवं 14865 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस के वाराणसी जं पर दिये गये ठहराव समय में 14 अप्रैल से संशोधन किया गया। 14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस वाराणसी स्टेशन पर संशोधित समय 17 पहुंचकर 17.10 बजे छूटेगी। 14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस वाराणसी स्टेशन पर संशोधित समय 17 पहुंचकर 17.10 बजे छूटेगी। 14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस वाराणसी स्टेशन पर संशोधित समय 17 पहुंचकर 17.10 बजे छूटेगी।

### विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में होने वाली यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही 09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, मैलानी एवं सीतापुर स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करते हुए किया जायेगा। इस दौरान इस विशेष गाड़ी की रेक संरचना पूर्ववत रहेगी तथा यह गाड़ी फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल एवं लखनऊ (उत्तर रेलवे) स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।



अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट करते साथी। अमृत विचार

### विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रथम श्रेणी अधिकारी संघ के तत्त्वावधान में महाप्रबन्धक सभाकक्ष चैतन्य में सोमवार को निवर्तमान महासचिव/प्रथम श्रेणी अधिकारी संघ पंकज कुमार सिंह के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य इंजीनियर/टी.एम.सी. संजय यादव न पंकज कुमार सिंह को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम श्रेणी अधिकारी संघ के उपाध्यक्ष डॉ. फहीम अहमद, महासचिव कृष्ण चन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव अक्षय मिश्रा एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

तैयारी | राज्य सरकार के सहयोग से आईआईटी कानपुर में जल्द खुलेगा विश्वस्तरीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र

# आयुर्वेद चिकित्सा को दुनिया की मान्यता दिलाएगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयुर्वेद की विश्वसनीयता और प्रमाणिकता सिद्ध करके वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए आईआईटी कानपुर ने राज्य सरकार के सहयोग से विश्वस्तरीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए हैं। प्रदेश शासन ने इस संबंध में आईआईटी के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। केंद्र में आयुर्वेदिक दवाओं का सत्यापन-परीक्षण करके वैधता जांचने के बाद वैज्ञानिक प्रमाणीकरण करके उपचार की सही पुष्टि की जाएगी।

- केंद्र में आयुर्वेद दवाओं को प्रदान किया जाएगा अंतराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त क्लीनिकल प्रमाणीकरण

आईआईटी में खुलने वाले आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र में आयुर्वेद दवाओं को अंतराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त क्लीनिकल प्रमाणीकरण प्रदान किया जाएगा। इस तरह का यह देश का पहला केंद्र होगा, जो पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक मान्यता और तकनीक के साथ जोड़ेगा। जानकारी के मुताबिक आईआईटी के प्रस्ताव में इस केंद्र की स्थापना पर लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाते हुए, इसे राज्य सरकार द्वारा वहन करना प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव को राज्य सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद संस्थान ने केंद्र के लिए परिसर में स्थान चयनित करने की कार्यवाही आरंभ कर दी है। संस्थान निदेशक का कहना है कि केंद्र की स्थापना के लिए परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। अभी आयुर्वेद दवाओं के संबंध में वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी प्रमाणिकता की समस्या सामने आती है, संस्थान की लैब में इस संबंध में प्रयोग करके दवा की वैधता, उपचार, प्रभाव का अध्ययन करके साइंटिफिक वैलिडेशन किया जाएगा। संस्थान में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का काम पहले ही तेजी से चल रहा है, यह केंद्र उसके बेहतर संचालन में भी मददगार बनेगा।

### हर्बल गार्डेन में उगाई जाएंगी दुर्लभ जड़ी-बूटियां

केंद्र की स्थापना के साथ आयुर्वेदिक दवाओं के लिए हर्बल गार्डेन भी बनाया जाना है, जिसमें विभिन्न प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियां उगाई जाएंगी। आइआइटी में लघु वन उपज का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने पर भी काम चल रहा है। इसमें छात्र-छात्राएं तो लघु वन उपज से संबंधित शोध व प्रयोग करने के साथ अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकेंगे।

> संस्थान में आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र की स्थापना पर राज्य सरकार ने सहमति जताई है, अब इस संबंध में वित्तीय और प्रशासनिक मंजूरी के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। केंद्र में आयुर्वेदिक दवाओं का वैज्ञानिक प्रमाणीकरण किया जाएगा, इससे देश की प्राचीन आयुर्वेद पद्धति को उपचार की दृष्टि से वैश्विक मान्यता मिलेगी।
>
> **-प्रो. मणिन्द्र अग्रवाल,** निदेशक, आईआईटी, कानपुर।

## पित्त की पथरी के बिना ऑपरेशन इलाज को लेकर शुरू किया गया शोध अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** पित्ताशय की पथरी देश में गंभीर समस्या है। इसकी औसत प्रचलन दर 20 फीसदी होने से भारत में करीब 28 करोड़ लोग पित्त की पथरी से प्रभावित हो सकते हैं। शोध के मुताबिक इनमें 20 फीसदी रोगियों को ही लक्षण उत्पन्न होने पर अस्पताल जाना पड़ता है, और पांच करोड़ लोगों को समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपरेशन कराना पड़ सकता है। पित्त की पथरी की समस्या का समाधान खोजने के लिए आईआईटी कानपुर और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने देश में पहली बार साझा शोध अनुसंधान अध्ययन शुरू किया है। माना जा रहा है कि पेट के सूक्ष्मजीव पित्त की पथरी बनने की प्रक्रिया के अलावा, लीवर और पैंक्रियास की कार्यप्रणाली को कैसे प्रभावित करते हैं? इस सवाल का जवाब जल्दी ही मिल जाएगा।

आईआईटी कानपुर के बायोसाइंस बायोइंजीनियरिंग विभाग और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी एवं पैथोलॉजी विभाग का साझा शोध अध्ययन पित्त की पथरी और उससे होने वाली अन्य जटिलताओं जैसे कि पैंक्रियाटाइटिस और लीवर की खराबी की रोकथाम में ऐतिहासिक सफलता दिला सकता है। इसके लिए मल के नमूनों के विश्लेषण से पेट और आंतों के स्वास्थ्य को जाना जाएगा। आंत को शरीर का ''दूसरा मस्तिष्क'' कहा जाता है, क्योंकि इसमें एक विशाल तंत्रिका तंत्र और करोड़ों सूक्ष्मजीव रहते हैं। जब इन सूक्ष्मजीवों की मात्रा या गुणवत्ता सामान्य नहीं रहती, तो ये आंत का पूरा मेटाबॉलिज्म बदल देते हैं, जिससे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (पेट और आंत संबंधी) बीमारियां होती हैं। इसी कारण पश्चिमी देशों में आंतों की जांच ''गट माइक्रोब एनालिसिस'' नियमित जांच बन चुकी है। लेकिन भारत में सामान्य स्टूल एनालिसिस की कीमत बहुत अधिक है।

